
# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# रोजगारोन्मुख कोर्सेज पर फोकस करने की जरूरत

**कार्यक्रम**

## अपर मुख्य सचिव ने तकनीकी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं में प्रकाश डाला

**संवाददाता**

देहरादून। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में अपर मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने तकनीकी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए जिला प्रशासन स्तर पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। रोजगारोन्मुख कोर्सेज को अधिक फोकस करने की जरूरत है। एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अन्तर्गत अन्य राज्यों से तकनीक और तकनीकी ज्ञान का आदान प्रदान किया जा सकता है। इससे दोनों राज्यों के छात्र लाभान्वित होंगे।

प्रमुख सचिव उद्योग श्रीमती मनीषा पंवार ने आजीविका के लिए स्थानीय पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों का वेल्यू एडिशन करके बाजार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में है। पलायन प्रभावित क्षेत्रों और सीमांत क्षेत्रों में आजीविका के संसाधनों को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

### सेल्फ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम पर विशेष देना होगा ध्यान

प्रमुख सचिव आनंद वर्द्धन ने जिलाधिकारियों द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों का भी निरीक्षण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने संस्थानों में डिस्ट्रिक्ट स्पेसिफिक स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाए जाने चाहिए, इसमें जिला प्रशासन के सहयोग की आवश्यकता है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सचिव शहरी विकास शैलेश बगोली ने कहा कि उत्तराखण्ड में भी शहरी जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सेल्फ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम पर विशेष ध्यान देना होगा।

प्रमुख सचिव आनंद वर्द्धन ने जिलाधिकारियों द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों का भी निरीक्षण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने संस्थानों में डिस्ट्रिक्ट स्पेसिफिक स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाए जाने चाहिए, इसमें जिला प्रशासन के सहयोग की आवश्यकता है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सचिव शहरी विकास श्री शैलेश बगोली ने कहा कि उत्तराखण्ड में भी शहरी जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी के अनुरूप हमें भी तेजी से विकास करने कि आवश्यकता है। शहरी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सेल्फ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम पर विशेष ध्यान देना होगा।

म्यूनिसिपल कमिश्नर देहरादून विनय शंकर पांडेय ने जीरो वेस्ट मॉडल के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यह भविष्य का वेस्ट मैनेजमेंट का अच्छा विकल्प हो सकता है। उन्होंने बताया कि देहरादून के लिए मैकेनाइज्ड क्लीनिंग सिस्टम विकसित कर रहे हैं। इसमें सफाई के लिए मशीनों का प्रयोग शुरू किया जा रहा है। मुख्य सचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने कहा कि छोटे छोटे सेग्रीगेशन सैंटर विकसित किए जाएं।
सीडीओ पिथौरागढ़ सुश्री वंदना ने पिथौरागढ़ में आजीविका हेतु किए जा रही पहलों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों के विकास के लिए आय के स्रोतों को जानना होगा। क्षेत्र विशेष के अनुरूप योजनाएं बनानी होंगी। इसके साथ ही, मृत हो चुकी यूनिट्स को पुनर्जीवित करने पर बल देना होगा।

ज्ञातव्य है कि आईएएस वीक के अंतर्गत सोमवार को विश्वकर्मा भवन, सचिवालय के वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में आयोजित बैठक का तृतीय व चतुर्थ चरण जारी है।

## न्यूज डायरी

### सही गाइडेंस से सफलता निश्चित: श्रीवास्तव

**संवाददाता** देहरादून। इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी तैयारी कराने वाले देश के अग्रणीय कोचिंग संस्थान बंसल क्लासेज देहरादून के छात्रों ने इस बार भी अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली जेईई मेन्स की प्रवेश परीक्षा में सफलता का परचंम लहराया। इस बार बंसल क्लासेस के छात्र हर्षित पंत ने जेईई की मेन्स परीक्षा में 98.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान के 155 छात्रों ने जेईई मेन्स परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। इन छात्रों व उनके अभिभावकों को संस्थान ने सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित उत्तराखण्ड के लेबर कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने छात्रों व उनके परिजनों को सम्मानित किया। इस दौरान अपने संबोधन में श्रीवास्तव ने कहा कि सही गाईडैंस मिले तो छात्रों की सफलता निश्चित है। बंसल क्लासेज छात्रों को सही दिशा दिखा रहा है।

### सार्वजनिक शौचालय में गंदगी का अंबार, पालिका बनी हुई बेपरवाह

**संवाददाता** मसूरी। पहाड़ों की रानी मसूरी में नगर पालिका पीएम मोदी के स्वच्छता अभियान को पलीता लगा रहा है। निगम द्वारा संचालित सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ ही सैलानियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि स्थानीय लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। वहीं, सफाई न होने के लिए पानी की समुचित व्यवस्था न होना बताया जा रहा है। मसूरी के सुवाखोली क्षेत्र में नगर पालिका का एकमात्र सुलभ शौचालय है, जो इन दिनों विभाग की लापरवाही के चलते बदहाली के आंसू रो रहा है। जिससे स्थानीय लोगों के साथ ही देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों को खासी परेशानी हो रही है।

### ईशान जैन ने जेईई मेन्स में 99.85 अंक हासिल किए

**संवाददाता** हल्द्वानी। आकाश इंस्टीट्यूट के छात्र, ईशान जैन ने जेईई मेन्स 2020 इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में शहर की मैरिट लिस्ट में टॉप करके हल्द्वानी को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कुमाऊँ में भी टॉप किया है और 99.98 पर्सेंटाईल स्कोर की है। ईशान को बधाई देते हुए, आकाश चौधरी, डायरेक्टर एवं सीईओ, आकाश एजुकेशनल सर्विसेस लिमिटेड (एईएसएल) ने कहा, ''हमें गर्व है कि हमारा स्टूडेंट ईशान ने हल्द्वानी शहर से जेईई मेन्स 2020 में टॉप किया है और 99.85 पर्सेंटाईल हासिल की है। यह हमारे विद्यार्थी एवं फैकल्टी के कठोर परिश्रम का परिणाम है। आकाश पर प्रदान की गई गुणवत्तायुक्त टेस्ट प्रिपरेशन ने उसे यह उपलब्धि हासिल करने में मदद की।

## कलाकारों ने दून हाट में दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



संस्कृति विभाग के कलाकार दून हाट में रंगारंग प्रस्तुति देते हुए।

**संवाददाता** देहरादून। दून हाट में संस्कृति विभाग की ओर से सोमवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई, जिसके बाद गढ़वाली व कुमांऊनी गीतों पर स्थानीय कलाकरों द्वारा मन को छू लेने वाली प्रस्तुतियां दी। दून हाट में सोमवार को हुए रंगारंग कार्यक्रमों को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ लगी रही। हथकरघा और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए दून हाट में उत्तराखण्ड के साथ ही पश्चिमी बंगाल, जम्मू कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं हरियाण के हथकरघा और हस्तशिल्प के बने उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गई है।

## दिल्ली के विधानसभा चुनाव से उत्तराखण्ड में भी राजनीतिक माहौल गर्म

**चुनाव**

**संवाददाता**

देहरादून। दून से करीब ढाई सौ किलोमीटर दूर दिल्ली में विधानसभा चुनावों को लेकर माहौल गर्म है। भले ही चुनावों में दिल्ली की 70 सीटें दांव पर लगी हों लेकिन उनकी गर्माहट उत्तराखंड में भी महसूस की जा रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि हर गली मोहल्ले में दिल्ली की चरचा है और सियासी दल भी गुणा–भाग में लगे हुए हैं। आम आदमी पार्टी उत्तराखंड के सियासी हलके में प्रभावशाली भले न हो लेकिन इन चुनावों को लेकर सतर्क जरूर है। दिल्ली की सियासत को लेकर उत्तराखंड में हलचल इसलिए है क्योंकि दिल्ली में उत्तराखंडी अच्छी–खासी तादाद में मौजूद हैं। करावलनगर, पटपड़गंज, बुराड़ी, पालम समेत विस की करीब 17 से ज्यादा सीटों पर पहाड़ का वोटर डॉमिनेट करने की स्थिति में है तो 30 से अधिक सीटों पर उत्तराखंडियों का अच्छा खासा प्रभाव है।

**दिल्ली में उत्तराखंडी खासी तादाद में मौजूद**

मजेदार बात यह है कि क्षेत्रीय बोली भाषा के विकास को उत्तराखंड भले ही कुछ खास न कर पाया हो लेकिन दिल्ली सरकार ने गढ़वाली–कुमाऊंनी–जौनसारी भाषा एकेडमी खोलकर उत्तराखंडी वोटर्स को महत्व दिया है। आम आदमी की उत्तराखंड इकाई इसे उत्तराखंड की सियासत में खुद के लिए एक अवसर के रूप में देख रही है।

माना जाता है कि दिल्ली में करीब 35 फीसदी वोट उत्तराखंडियों के हैं। कांग्रेस ने एक तो भाजपा ने उत्तराखंड मूल के दो लोगों को टिकट दिया है। उत्तराखंड से दोनों ही दल दिल्ली के चुनाव पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। कांग्रेस मानती है कि पहले तो दिल्ली, नहीं तो उत्तराखंड में उन्हें इसका फायदा मिलेगा।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में उत्तराखंड के 11 छात्र शामिल हुए

**संवाददाता**

देहरादून। नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में उत्तराखंड के भी 11 छात्र शामिल हुए हैं। इस दौरान उत्तराखंड में कोटद्वार के छात्र ने भी पीएम मोदी से सवाल किया। छात्र के सवाल का जवाब पीएम मोदी ने बखूबी से दिया। पीएम मोदी ने इस दौरान अभिभावकों से एक अपील भी की।

- कोटद्वार के छात्र ने पीएम से किया सवाल
- पीएम मोदी ने इस दौरान अभिभावकों से एक अपील भी की

कोटद्वार के छात्र मयंक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा कि क्या जीवन में सफलता का मापदंड परीक्षा में प्राप्त अंक ही हैं? इस पर पीएम मोदी ने कहा कि परीक्षा में अंक को महत्वपूर्ण पड़ाव मानना चाहिए, लेकिन इसे ही सब कुछ नहीं मानना चाहिए।

उन्होंने माता पिता से निवेदन किया कि बच्चों को ये नहीं तो कुछ नहीं का गुण न सिखाएं। किसी विषय में सफलता नहीं पाई तो जीवन में कुछ नहीं पाया ऐसी सोच न बनाएं। उन पर किसी भी टारगेट को पाने के लिए दबाव न बनाएं। बच्चों को उनकी पसंद के हिसाब से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। देश में बहुत सारे फील्ड हैं। उनमें आप अच्छा प्रयोग कर सकते हैं। जीवन में परीक्षा का महत्व है, लेकिन परीक्षा ही जिंदगी है ऐसा नहीं समझना चाहिए। इस दौरान परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम देखने के लिए स्कूलों में टीवी लगाया गया।

हरिद्वार के जीआईसी में नेट की परेशानी की वजह से छात्र पीएम का कार्यक्रम नहीं देख पाए। रुद्रपुर के रेम्बो पब्लिक स्कूल, देहरादून के ब्रह्मपुरी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटरकॉलेज पटेलनगर समेत कई स्कूलों में टीवी के माध्यम से कार्यक्रम दिखाया गया। कई स्कूलों में रेडियो के माध्यम से कार्यक्रम का सुनाया गया।

## कोटद्वार की स्टील फर्म में पकड़ी एक करोड़ से अधिक की टैक्स चोरी

**संवाददाता** कोटद्वार। देश में उत्पाद एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत एक करोड़ से अधिक की टैक्स चोरी का मामला कोटद्वार की एक स्टील फर्म की जांच में सामने आया है। राज्य कर विभाग ने इस फर्म का 40 लाख रुपये का आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) रोक दिया है और फर्म से 40 लाख रुपये भी वसूल किए हैं। राज्य कर अधिकारियों के मुताबिक कोटद्वार की एक स्टील फर्म की जांच में पाया कि व्यापार सिर्फ कागजों में ही किया जा रहा है। जिन फर्मों से व्यापार दिखाया गया वास्तव में उन फर्मों का कोई अस्तित्व ही नहीं है। इन्हीं फर्जी फर्मों के आधार पर यह स्टील फर्म आईटीसी क्लेम कर रही थी। अधिकारियों ने फर्म की ओर से किया गया 40 लाख रुपये का आईटीसी क्लेम पर रोक लगा दी है। इसी के साथ फर्म ने 40 लाख रुपये का चेक भी राज्य कर विभाग को सौंपा। अभी इस फर्म की जांच जारी है। अधिकारियों का मानना है कि यह कर चोरी एक करोड़ से अधिक की होगी। अधिकारियों की टीम अब दिल्ली भी जाएगी।